राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 22–04–2024 को विडियो कान्फ्रेंसि के माध्यम से ऑनलाइन सम्पन्न सातवीं बैठक का कार्यवृत्तः–

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुएः–

1.	प्रो0 रचना अस्थाना निदेशक राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज	अध्यक्ष
2.	श्री आशीष श्रीवास्तव सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिधि अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, कन्नौज	सदस्य
3.	श्री अरस्तु गौतम असिस्टेन्ट प्रोफेसर सिविल इंजी0 विभाग राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज	विशेष आमंत्रित सदस्य
4.	डा0 बी0डी0के0 पात्रो एसोसिएट प्रोफेसर एवं कुलसचिव, राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज	सदस्य
5.	श्री अनिल कुमार मिश्र वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज	सदस्य
6.	श्री ऋषभ कश्यप विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग एवं प्रभारी, जनपदीय अनुरक्षण राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज	सदस्य–सचिव

07.01 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 14–06–2023 को सम्पन्न छठीं बैठक के कार्यवृत का पुष्टीकरण।

समिति ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14–06–2023 को सम्पन्न छठीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

07.02 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 14–06–2023 को सम्पन्न छठीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया जाना।

संस्थान की भवन निर्माण समिति की दिनॉक 14–06–2023 को सम्पन्न हुई छठीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई। तथा संतोष व्यक्त किया।

07:03 संस्थान परिसर मे स्थिति पुराने नलकूप का पुर्नविकास एवं 15 एच0पी0 पम्पिंग प्लान्ट की अधिष्ठान के प्रस्ताव पर संस्तुति :

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज परिसर मे छात्र/छात्राओं संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिये पेय जल की व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु पुराने नलकूप का पूर्नविकास एवं 15 एच0पी0 पम्पिंग प्लान्ट की अधिष्ठान कार्य के लिये उत्तर–प्रदेश जलनिगम लखनऊ द्वारा प्रस्तुत धनराशि रू0 19.85 लाख के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रस्ताव पर संस्थान की वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त है। अतः परिक्षणरोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा संस्थान मे पुराने नलकूप का पूर्नविकास एवं 15 एच0पी0 पम्पिंग प्लान्ट की अधिष्ठान कार्य उत्तर–प्रदेश जलनिगम लखनऊ से धनराशि रू0 **19.85 लाख** में कराये जाने हेतु संस्तुति प्रदान की गई।

समिति द्वारा आगणन की कुल लागत धनराशि रू0 **19.85 लाख** के सापेक्ष उ0प्र0 जल निगम, गोमतीनगर, लखनऊ के पक्ष में 50 प्रतिशत धनराशि 9.925 लाख का भुगतान कार्यादेश निर्गत करने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं 50 प्रतिशत धनराशि रू0 9.925 लाख का भुगतान संतोषजनक स्थिति मे कार्य पूर्ण होने के उपरान्त किये जाने की अनुशंषा की गई।

अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(ऋषभ कश्यप)
सहायक प्राध्यापक एवं
सदस्य सचिव
भवन निर्माण समिति

(अरस्तु गौतम)
असिस्टेन्ट प्रोफेसर
सिविल इंजी0 विभाग एवं
वि0 आ0 सदस्य
भवन निर्माण समिति

(आशीष श्रीवास्तव)
सहायक अभियन्ता एवं
प्रतिनिधि, अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, कन्नौज
सदस्य भवन निर्माण समिति

(अनिल कुमार मिश्र)
वित्त एवं लेखाधिकारी एवं
सदस्य
भवन निर्माण समिति

(डा0 बी0डी0के0 पात्रो)
कुलसचिव एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(प्रो0 रचना अस्थाना)
निदेशक एवं
अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
राजकीय इंजी0 कालेज,
कन्नौज

CamScanner